## न्यूज डायरी

### वेंकैया नायडू ने भारतीय समुदाय को किया संबोधित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रीगा। उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू लिथुआनिया, लातविया, और एस्तोनिया की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। मंगलवार को उन्होंने लातविया के राष्ट्रपति से मुलाकात की। यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लातविया भारत के लिए एक महत्वपूर्ण भागीदार बन सकता है क्योंकि यह विश्व अर्थव्यवस्था चौथी औद्योगिक क्रांति की ओर बढ़ रही है जहां प्रौद्योगिकी और नवाचार प्रमुख भूमिका निभाएंगे। सोमवार को लातविया की राजधानी रीगा में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए, नायडू ने कहा, श्मैं भारतीय और लातवियाई कंपनियों के लिए सहयोग के माध्यम से नई–पुरानी प्रौद्योगिकियों को एक होने की बहुत गुंजाइश देखता हूं।श् यह देखते हुए कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में अपार संभावनाएं है, उन्होंने यहां भारतीय समुदाय को दोनों देशों के लिए ष्विदेशी निवेश, प्रौद्योगिकी, विशेषज्ञता और सद्भावना लाने के लिए माध्यम बताया।

### असम में एनआरसी की प्रक्रिया भारत का आंतरिक मामला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को अपने बांग्लादेशी समकक्ष एके अब्दुल मोमेन से लंबी बातचीत की। द्विपक्षीय बातचीत के बाद उन्होंने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि असम में अवैध विदेशियों की पहचान और एनआरसी के दस्तावेजी करण की प्रक्रिया भारत का आंतरिक मामला है। मेरी बांग्लादेश के विदेश मंत्री से सकारात्मक बातचीत हुई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने ट्वीट कर कहा कि भारत अक्टूबर में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की मेजबानी के लिए उत्सुक है। जयशंकर इन दिनों बांग्लादेश की दो दिवसीय यात्रा पर हैं।

### इस्लामिक स्टेट में शामिल हुए चार बच्चों को जर्मनी में आने की मिली अनुमति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बर्लिन। आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट के संदिग्ध सदस्य के बच्चों को पहली बार उत्तरी सीरिया से जर्मनी ने अपने देश लौटने की अनुमति दे दी है। विदेश मंत्री हेइको मास ने कहा कि ऐसे और भी बच्चों को देश में लौटने के लिए कार्य किया जाएगा। इससे पहले दूसरे देश भी इस प्रकार का निर्णय ले चुके हैं और अपने देश में ऐसे बच्चों को आने की अनुमति दे चुके हैं। वर्तमान मे जर्मनी भी दूसरे देशों की तरह ही इस समस्या से जूझ रहा है कि ऐसे नागरिकों के साथ कैसे बर्ताव किया जाए। जर्मनी में लौटे इस्लामिक संगठन संदिग्ध सदस्य के बच्चों में तीन बच्चें अनाथ हैं। इसके अलावा अभी इन बच्चों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। विदेश मंत्री हेइको मास के मुताबिक जो बच्चें जर्मनी वापस लौटे हैं उनमें से काफी बच्चें जवान हैं, लेकिन वह इन सब चीजों के लिए बिल्कुल भी जिम्मेदार नहीं हैं।

### अब इमरान पर बरसीं पूर्व पत्नी रेहम, बताया क्यों कश्मीर मुद्दे पर डरे हुए हैं पाक पीएम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म करने से पाकिस्तान बिलबिलाया हुआ है।पाकिस्तान इस मुद्दे को लेकर अपनी संसद से लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर घड़ियाली आंसू बहा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मंचों और मुस्लिम देशों से इस मुद्दे पर कोई मदद न मिलने से भी पाकिस्तान का दर्द और बढ़ गया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की पूर्व पत्नी रेहम खान ने इस मामले में बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने इमरान खान पर जम्मू–कश्मीर को लेकर बहुत बड़ा आरोप लगाया है। इमरान खान की पूर्व पत्नी रेहम खान पेशे से पत्रकार हैं। इस वजह से उनकी इस बात को काफी गंभीरता से भी लिया जा रहा है। उन्होंने अपने पूर्व पति और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान पर सनसनीखेज आरोप लगाया है। रेहम खान का कहना है कि इमरान खान ने कश्मीर मुद्दे पर भारत के साथ एक गोपनीय डील की है।

### सीरिया में अपनी ताकतें समेट दोबारा उभर सकता है इस्लामिक स्टेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जेनेवा। वर्ष 2019 के मार्च महीने में अमेरिका द्वारा सीरिया से खदेड़ा गया आतंकी समूह आइएसआइएस के एक बार फिर उभरने की खबरें आ रही हैं। दरअसल, चीन के राजनयिक ने मंगलवार को चेताते हुए कहा है कि सीरिया में इस्लामिक स्टेट (आतंकी समूह) की ताकतें दोबारा उभर सकती हैं। साथ ही राजनयिक ने असद सरकार व विपक्ष के बीच राजनीतिक प्रक्रिया में तेजी के लिए कहा। चीन के विशेष राजनयिक शी शियान ने जेनेवा में यूएन के विशेष राजनयिक गेर पेडर्सन से बातचीत के बाद बताया कि आइएसआइएस जैसे आतंकी समूह दोबारा उभर रहे हैं इनसे अब खतरा है।

# विवादित उपदेशक जाकिर नाइक पर कसा शिकंजा

**कार्रवाई**

## मलयेशिया ने सार्वजनिक उपदेश पर लगाई रोक



■जाकिर अभी पूरे मलयेशिया में कही भी कोई सार्वजनिक उपदेश नहीं दे पाएगा
■भारत में वांछित है और मलयेशिया में शरण लिए हुए है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कुआलालंपुर। मलयेशिया में भड़काऊ बयान देने के कारण विवादित उपदेशक जाकिर नाइक पर सार्वजनिक उपदेश देने पर पूरे देश में रोक लगा दी गई है। मलयेशिया के पीएम मोहम्मद महातिर विवादित उपदेशक और मनी लॉन्ड्रिंग केस में वांछित जाकिर नाइक को भारत प्रत्यर्पित न करने पर अड़े हुए थे और अब यही जाकिर उनके लिए सिरदर्द बन गया है। बता दें कि जाकिर पिछले कुछ समय से मलयेशिया में शरण लिए हुए है। भारत सरकार मलयेशिया से जाकिर के प्रत्यर्पण करने का आग्रह भी कर चुकी है।

**पुलिस ने बैन की पुष्टि की:** मलयेशिया पुलिस ने बयान जारी कर कहा कि ऐसा राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखकर किया गया है। मलयेशिया सरकार ने इस बाबत पूरे देश में आदेश जारी कर दिया है। रॉयल मलयेशिया पुलिस के चीफ पीआर दतुक अस्मावती अहमद ने सरकारी आदेश मिलने की पुष्टि की है।

**एक दिन पहले जाकिर को बयान देने के लिए बुलाया गया था:** आधिकारिक बर्नामा न्यूज एजेंसी की सोमवार की रिपोर्ट के मुताबिक, जाकिर को पुलिस हेडक्वॉर्टर बुकित अमान में बयान दर्ज करने के लिए दोबारा बुलाया गया था। सीआईडी डायरेक्टर हुजिर मोहम्मद ने कहा कि जाकिर को शांति भंग करने से संबंधित दंड संहिता की धारा 504 के तहत बयान दर्ज कराना होगा।

**चीनी और हिंदुओं के खिलाफ दिया था विवादित बयानः** जाकिर ने इससे पहले 16 अगस्त को बयान दर्ज कराया था। उसने 3 अगस्त को कोटा बारु में मलयेशिया में रह रहे हिंदुओं और चीनियों को लेकर आपत्तिजनक बात कही थी, जिसके बाद वहां के मंत्रियों ने कैबिनेट बैठक में उसे भारत भेज देने की मांग की थी। उसने चीनी मूल के नागरिकों को लेकर यहां तक कह दिया था कि उन्हें अपने देश लौट जाना चाहिए क्योंकि वे पुराने गेस्ट हैं। वहीं, उन्होंने हिंदुओं को लेकर कहा था कि भारत में जितने अधिकार मुसलमानों को नहीं मिले, उससे 100 गुना अधिक मलयेशिया में हिंदुओं को मिले हुए हैं।

जाकिर को पिछली सरकार ने मलयेशिया में स्थायी निवास दिया था और वह तीन सालों से वहां रह रहा है। उसके खिलाफ जुलाई 2016 में ढाका की एक बेकरी पर हुए हमले को लेकर भारत और बांग्लादेश में जांच जारी है। हमले के संबंध में पकड़े गए दो आरोपियों ने दावा किया था कि वे जाकिर के भाषणों को सुनकर कट्टरपंथी बन गए थे।

बता दें कि जाकिर के खिलाफ भारत में सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने और गैरकानूनी गतिविधियां चलाने को लेकर जांच चल रही है। इसके अतिरिक्त जुलाई 2016 में ढाका की एक बेकरी पर हुए हमले को लेकर भी जाकिर के खिलाफ भारत और बांग्लादेश में जांच जारी है। हमले के संबंध में पकड़े गए दो आरोपियों ने दावा किया था कि वे जाकिर के भाषणों को सुनकर कट्टरपंथी बन गए थे। वहीं, भारत ने मलयेशिया से उसे प्रत्यर्पित किए जाने की अपील की है।

## बारूद की गोद में बैठी दुनिया नए शीत युद्ध की दस्तक

### शस्त्र होड़ में शामिल हुए रूस और यूएस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। मध्यम दूरी परमाणु संधि से हटने के बाद अमेरिका ने पहली बार पारंपरिक रूप से कॉन्फिगर एक क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया। पेंटागन ने सोमवार इस बात की पुष्टि की है कि उसने 500 किलोमीटर से अधिक रेंज वाली मिसाइल का परीक्षण किया है। इस परीक्षण के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं।

जाहिर है इससे एक बार फिर दुनिया में शस्त्रों की होड़ शुरू होगी। यह एक नए शीत युद्ध की भी दस्तक है। आइए जानते हैं, कैसे एक बार फिर विश्व नए शीत युद्ध की तरफ बढ़ रहा है। उस ऐतिहासिक संधि के बारे में जिसने दुनिया में शीत युद्ध को समाप्त कर शस्त्रों की होड़ पर विराम लगाया था। आदि–आदि।

**सैन निकालस द्वीप पर अमेरिका ने किया परीक्षण**

सोमवार को पेंटागन ने अपने बयान में कहा कि यह परीक्षण रविवार को कैलिफोर्निया के सैन निकालस द्वीप पर हुआ। इस परीक्षण को धरती की सतह से लांच किया गया। इस मिसाइल ने मारक क्षमता 500 किलोमीटर है। अमेरिका का दावा है कि उसका यह परीक्षण सफल रहा। मिसाइल ने तय समय पर यह दूरी तय करके अपने लक्ष्य को साधने में सफल रही।



सूडान के पूर्व शासक उमर अल–बशीर पर भ्रष्टाचार मामलों की सुनवाई शुरु

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** खर्तूम। सूडान पर 30 सालों तक शासन करने वाले अपदस्थ सैन्य शासक उमर अल–बशीर भ्रष्टाचार के आरोपों में सुनवाई की शुरुआत के लिए सोमवार को अदालत पहुंचे। यह सुनवाई तब शुरू हुई है जब संप्रभु परिषद का गठन किया जा रहा है। उससे पहले संक्रमणकालीन संविधान पर प्रदर्शनकारी नेताओं और जनरलों ने शनिवार को दस्तखत किए थे। इन्हीं जनरलों ने बशीर को बेदखल किये जाने के बाद सत्ता की कमान संभाली। बशीर को सत्ता से हटाए जाने की देश–विदेश में ऐतिहासिक घटना बताते हुए प्रशंसा की गई थी।

## जलवायु परिवर्तन का असर अर्थव्यवस्था पर

■मौसम में बदलाव से 10 प्रतिशत तक गिर सकती है भारतीय अर्थव्यवस्थाः रिसर्च

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। जलवायु परिवर्तन भारत की अर्थव्यवस्था को इस सदी के अंत तक 10 प्रतिशत तक कम कर सकता है। सोमवार को प्रकाशित एक अध्ययन में यह जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि अगर पैरिस समझौता नहीं होता है तो लगभग सभी देश – चाहे वे अमीर हों या गरीब, उष्ण हों या शीत, सभी आर्थिक रूप से प्रभावित होंगे । ब्रिटेन में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने कहा कि मौजूदा आर्थिक शोध उष्ण या गरीब राष्ट्रों पर जलवायु परिवर्तन के बोझ का अनुमान लगाते हैं। वे 174 देशों के 1960 के बाद से एकत्र आंकड़ों का प्रयोग करते हैं।

**गरीब गर्म देशों की तरह अमीर ठंडे देशों को भी खतराः** कुछ लोगों का अनुमान है कि शीत देश या धनी अर्थव्यवस्थाएं इससे अप्रभावित रहेंगी या यहां तक कि उच्च तापमान वाले देशों को इससे लाभ मिल सकता है। हालांकि, नैशनल ब्यूरो ऑफ इकनॉमिक रिसर्च द्वारा प्रकाशित अध्ययन से पता चलता है कि – औसतन, अमीर, ठंडे देश भी उतनी ही आमदनी खो देंगे जितनी कि गरीब और गर्म देश। ऐसा तब होगा जब तक उत्सर्जन परिदृश्य के हालात ऐसे ही सामान्य बने रहते हैं जिनमें सदी के अंत तक औसत वैश्विक तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ने का अनुमान है।

**अमेरिका को भी होगा बड़ा नुकसानः** शोधकर्ताओं ने कहा कि इसके कारण 2100 तक अमेरिका का जीडीपी, मौजूदा से 10.5 प्रतिशत कम हो जाएगा जो कि पर्याप्त रूप से नुकसानदायक हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार जापान, भारत और न्यूजीलैंड अपनी आय का 10 प्रतिशत खो देंगे।

शोधकर्ताओं ने कहा कि कनाडा दावा करता है कि वह तापमान में वृद्धि से आर्थिक रूप से लाभान्वित होगा, वह भी साल 2100 तक अपनी मौजूदा आय का 13 प्रतिशत से अधिक खो देगा। अध्ययन से पता चलता है कि पैरिस समझौते को बनाए रखना, जिसका उद्देश्य वैश्विक औसत तापमान में वृद्धि को 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखना है, दोनों उत्तर अमेरिकी राष्ट्रों के घाटे को जीडीपी के 2 प्रतिशत से कम करता है।

## पाक की तरफ तेज रफ्तार से बढ़ रही आफत, मचा सकती है तबाही

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। भारी बारिश के बाद अब पाकिस्तान पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। पाकिस्तान के मौसम विभाग (पीएमडी) ने पंजाब जिले में बाढ़ की चेतावनी जारी की है। पाकिस्तान आरोप लगा रहा है कि भारत ने बिना किसी पूर्व सूचना के सतलज का पानी छोड़ा, जिससे की सतलज समेत पाकिस्तान में बहने वाली अन्य नदियों का जलस्तर बढ़ गया है और बाढ़ के हालात पैदा हो गए हैं।

पाकिस्तान मौसम विभाग के मुताबिक सतलज नदी का जलस्तर 17.80 फीट तक पहुंच गया है, जिसकी वजह से अगले 48 घंटों के भीतर गंडा सिंह वाला में मध्यम से उच्च स्तर की बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। जबकि अन्य सभी प्रमुख नदियों में मध्यम से निम्न स्तर के बाढ़ की चेतावनी जारी की गई है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, बिना किसी पूर्व सूचना के भारत ने सतलज व अलसी डैम में पानी छोड़ दिया है। बता दें कि पाकिस्तान के कई हिस्सों में मानसून की लगातार हो रही बारिश के कारण पहले से ही देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ आ गई है।